भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान, मुख्यालय - ग्वालियर से संचालित

# दैनिक पर्यटन समाचार

IITTM पर्यटन शिक्षा संस्कृति रक्षा

दिनांकः रविवार 15 अगस्त 2021 संपादकः प्रो. (डॉ.) आलोक शर्मा, निदेशक, भापयाप्रसं 

**"दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, आज़ाद ही रहे हैं और आज़ाद ही रहेंगे...!" - चंद्रशेखर आजाद**

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

# रविवार विशेषांक

**सभी पाठकों को सादर नमस्कार!**

प्रिय पाठकों, आप सभी को आईआईटीटीएम परिवार की तरफ से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं आज के रविवार विशेष अंक में हम बात कर रहे हैं **"आजादी का अमृत महोत्सव"** की...!!

बता दें कि आजादी का अमृत महोत्सव इस साल 12 मार्च को महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम से 15 अगस्त, 2022 को देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ तक 75 सप्ताह की उलटी गिनती के साथ शुरू किया गया था। तब से, जम्मू-कश्मीर से लेकर पुडुचेरी और गुजरात से लेकर पूर्वोत्तर तक पूरे देश में अमृत महोत्सव से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।




पर्यटन मंत्रालय 12 एपिसोड की एक श्रृंखला लेकर आया है, जो आपको आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में अतुल्य भारत की एक आभासी यात्रा पर ले जाएगा। मंत्रालय भारतीय विश्वविद्यालयों के संघ (एआईयू) के सहयोग से श्रृंखला शुरू करेगा। प्रत्येक एपिसोड भारत की सांस्कृतिक विरासत के बारे में विविध विषयों पर ध्यान केंद्रित करेगा और अतुल्य भारत के बारे में जागरूकता पैदा करेगा। भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार 14 अगस्त को इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्री (डोनर) जी. किशन रेड्डी केंद्रीय शिक्षा मंत्री और कौशल विकास व उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में हुआ।

उद्घाटन कार्यक्रम में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट (आईआईटीटीएम) के डायरेक्टर, फैकल्टी और स्टूडेंट्स ऑनलाइन जुड़े। इस दौरान मंत्रालय की ओर से 20 मिनट की फिल्म इंडिया 75-ए जर्नी की लाइव स्ट्रीमिंग की गयी। इसमें प्रमुख त्योहार और नृत्य की जानकारी दी गई। इसके माध्यम से आपसी सौहार्द को दिखाया गया। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) आलोक शर्मा, डॉ.सौरभ दीक्षित, डॉ.चंद्रशेखर बरुआ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में डॉक्यूमेंट्री दिखाने के बाद स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन क्विज का आयोजन हुआ। इसमें देश की आजादी से संबंधी प्रश्न पूछे गए और उनका जवाब स्टूडेंट्स ने दिया। इसी क्रम में 15 अगस्त को ऑनलाइन स्लोगन कॉम्पटीशन का आयोजन किया जाएगा। इसमें देशभर से स्टूडेंट्स शामिल होंगे।

आजादी का अमृत महोत्सव की यात्रा में, मंत्रालय बच्चों और युवाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, ताकि वे भारत के गौरवशाली अतीत और भव्य भविष्य से परिचित हो सकें। मंत्रालय ने कहा, मजबूत सांस्कृतिक मूल्यों के साथ और भारत को वैश्विक नेतृत्व के रास्ते पर ले जाने के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि उन्हें हमारे राष्ट्र की विविधता की ताकत से अवगत कराया जाए।






अगस्त 2021 के दौरान, मंत्रालय के घरेलू पर्यटन कार्यालय और इसके संबद्ध संस्थान जैसे भारतीय यात्रा और पर्यटन प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम) और होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) वेबिनार, कार्यशालाओं, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, लाइव सत्र जैसे विभिन्न कार्यक्रमों की व्यवस्था कर रहे हैं, निबंध प्रतियोगिताएं, हेरिटेज वॉक छात्रों और आम जनता की भागीदारी के साथ।

आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के रास्ते पर कदम बढ़ाते हुए, पर्यटन मंत्रालय के पूरे भारत में फैले क्षेत्रीय कार्यालयों ने ट्रैवल ट्रेड और आतिथ्य सेवा के सदस्यों, गाइड, छात्रों, आम जनता/आगंतुकों आदि के साथ मिलकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। आजादी का अमृत महोत्सव (इंडिया@75), भारत सरकार की ओर से भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की एक श्रृंखला है। महोत्सव को जन-भागीदारी की भावना के तहत जन-उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।



**संपूर्ण राष्ट्र आज अपना 75वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। आज के प्रमुख कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र ध्वज फहराया और देश को संबोधित किया।** पहली बार इस वर्ष जैसे ही प्रधानमंत्री ने राष्ट्र ध्वज फहराया, भारतीय वायुसेना के दो एम आई-17 1वी हैलीकॉप्टरों ने फूलों की पंखुड़ियां बरसाई। प्रधानमंत्री के लाल किले पहुंचने पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट तथा रक्षा सचिव अजय कुमार ने उनकी अगवानी की। लाल किले पहुंचने से पहले श्री नरेंद्र मोदी राजघाट गए और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।



लालकिले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने 75वें स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों और दुनिया भर में उन सभी लोगों को बधाई दी जो भारत से और लोकतंत्र से प्रेम करते हैं। उन्होंने अपने महान देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने कहा चाहे देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू हों, देश को एकजुट राष्ट्र बनाने वाले सरदार पटेल हों, भारत को भविष्य का मार्ग दिखाने वाले बाबा साहेब आंबेडकर हो, देश इन सबको याद करता है और इनका ऋणी है।

श्री मोदी ने टोक्यो 2020 ओलिंपिक्स में देश को गौरव दिलाने वाले सभी प्रतिभागियों को भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने केवल हमारा दिल जीता है बल्कि हमारी युवा पीढ़ी को भी प्रेरित किया है। श्री मोदी ने कहा कि देश के विभाजन की पीड़ा कभी भुलाई नहीं जा सकती और कल ही सरकार ने एक भावनात्मक निर्णय लेते हुए 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस घोषित किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना काल ने न केवल देश के बल्कि संपूर्ण मानवता के सामने बहुत बड़ी चुनौती खड़ी की और देश ने धैर्य के साथ इस महामारी का मुकाबला किया। श्री मोदी ने कोविड-19 महामारी से लड़ने में निर्भीक होकर सेवा करने वाले डॉक्टरों और अग्रिम मोर्चे के कार्यकर्ताओं को नमन किया। प्रधानमंत्री ने कहा, यह हमारे लिए गौरव का क्षण है कि हमारे वैज्ञानिकों ने भारत में दो वैक्सीन विकसित की और दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकारण अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि कोविड टीकाकरण के बाद डिजिटल प्रमाणपत्र देने की प्रणाली ने संपूर्ण विश्व का ध्यान खींचा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे सभी प्रयासों के बाद भी हमने कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में कई लोगों को खोया और यह असहनीय पीड़ा हमेशा हमारे साथ रहेगी।



प्रधानमंत्री द्वारा एक कविता का पाठ भी किया गया - ***"यही समय है, सही समय है, भारत का अनमोल समय है। असंख्य भुजाओं की शक्ति है, हर तरफ़ देश की भक्ति है, तुम उठो तिरंगा लहरा दो, भारत के भाग्य को फहरा दो।"***




## "आईआईटीटीएम में होंगे "आज़ादी के अमृत महोत्सव" पर वर्ष भर विभिन्न आयोजन"



भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान (आईआईटीटीएम) के ग्वालियर मुख्यालय में आज 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन पूरे जोश व उत्साह के साथ संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) आलोक शर्मा और समस्त फैकल्टी, छात्रों एवं स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश में आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस महोत्सव का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को देश के गौरवशाली अतीत से परिचय कराना है।



स्वतंत्रता दिवस समारोह में संस्थान के प्रांगण में निदेशक महोदय द्वारा ध्वजारोहण किया गया और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गयीं, ध्वजारोहण के साथ ही सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा राष्ट्रगीत गाया गया, जिसके उपरांत अपने उदबोधन में निदेशक डॉ. शर्मा ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाते हुए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट कर उन्हें श्रधांजलि दी, उन्होंने कहा की संस्थान द्वारा आगामी एक वर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने युवा शक्ति से आहवान किया कि आज के युवाओं को आज़ादी के महत्त्व को समझना चाहिए और इस आज़ादी के सपने को साकार करने वाले महापुरुषों के जीवन से सीख लेनी चाहिए। पर्यटन और यात्रा पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पर्यटन एक ऐसा जरिया है जिससे हम भारत के वैभवशाली अतीत और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को पूरे विश्व को बता सकते हैं। किसी राष्ट्र का भविष्य तभी उज्वल होता है, जब वो अपने अतीत के अनुभवों और विरासत के गर्व से पल-पल जुड़ा रहता है, उन्होंने कहा की "पर्यटन शिक्षा—संस्कृति रक्षा" पर काम करने का यह सही समय है। आज का डिजिटल भारत हर क्षेत्र में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, यही समय है जब युवाओं को अपनी विरासत और संस्कृति से जुड़े रहकर आधुनिक दुनिया में भारत का परचम पूरी दुनिया में फैलाना है।



आज के समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया था जिसमे संस्थान के डॉ. विनय कुमार राय ने गिटार पर राष्ट्रगान की धुन बजाई गई तो वहीं शास्त्रीय संगीत का गायन भी हुआ जिसमें ध्रुपद एवं राग भैरवी की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। समारोह में डॉ. सौरभ दीक्षित, डॉ. चन्द्र शेखर बरुआ के साथ संस्थान के सभी फैकल्टी, अधिकारीगण, छात्र एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. रमेश देवरथ द्वारा सभी उपस्थित लोगों का हृदय से धन्यवाद किया गया।



### *मुद्रा अद्यतन (##)*

| मुद्रा | मूल्य ₹ |
|---|---|
| 1 USD (US$) | 74.23 |
| 1 EURO (€) | 87.55 |
| 1 GBP (£) | 102.93 |
| 1 JPY (¥) | 0.677 |
| 1 AUD (A$) | 54.68 |

(##) सभी आंकड़े लाइव मिड-मार्केट रेट हैं, जो उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध नहीं हैं और केवल सूचना के उद्देश्य से हैं।

### अवकाश सूचना

राष्ट्रीय पर्व "स्वतंत्रता दिवस" के उपलक्ष्य में 15 अगस्त (रविवार) को दैनिक पर्यटन समाचार का अवकाश रहेगा।
अगला अंक 17 अगस्त (मंगलवार) को प्रकाशित होगा। #जयहिंद #भारतमाताकीजय



अस्वीकरणः भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान, ग्वालियर मुख्यालय द्वारा प्रस्तुत 'दैनिक पर्यटन समाचार' का मूल उद्देश्य पर्यटन अकादमिक जगत को दैनिक आधार पर हो रही घटनाओं व गतिविधियों से रूबरू कराना है, चूँकि पर्यटन जगत बहुत 'गतिक' (डायनेमिक) है। इस समाचार पत्र का स्त्रोत आधार विभिन्न सूचना माध्यमों से प्राप्त सम्प्रेषण है। अतः इनकी पुष्टि, संस्थान व संपादन मंडल नहीं करता है। हालांकि अकादमिक हित में इसकी प्रस्तुति केवल ज्ञान उन्नयन हेतु की जाती है।